**भारत सरकार**
**जल शक्ति मंत्रालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या. *370 (दसवीं स्थिति)**
**दिनांक 18.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)**

***370. श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंतः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रावधान के अंतर्गत विगत दो वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ को किये गये आबंटन/प्रदान की गई वित्तीय सहायता/ राजसहायता का ब्यौरा क्या है;

(ख) इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ में अब तक निर्मित शौचालयों की संख्या कितनी है; और

(ग) क्या सरकार ने सामुदायिक स्वच्छता परिसर के निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ को कोई राजसहायता अथवा वित्तीय सहायता प्रदान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**जल शक्ति मंत्री**
**(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**<u>दिनांक 18.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *370 के उत्तर में उल्लिखित विवरण</u>**

(क) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) [एसबीएम (जी)] के तहत भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को पिछले दो वर्षों के दौरान जारी की गई निधियों का विवरण निम्नलिखित है:-

| वित्तीय वर्ष | जारी निधियां (करोड़ रुपयों में) |
|---|---|
| 2017-18 | 677.83 |
| 2018-19 | 448.50 |
| कुल | 1126.33 |

(ख) एसबीएम (जी) की ऑनलाइन एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) पर राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार छत्तीसगढ़ में दिनांक 15.7.2019 तक कार्यक्रम के अंतर्गत (वर्ष 2017-18 तथा 2018-19 में निर्मित 14.70 लाख आईएचएचएल सहित) कुल 33.07 लाख वैयक्तिक पारिवारिक शौचालयों (आईएचएचएल) का निर्माण किया गया है।

(ग) एसबीएम (जी) के अंतर्गत, केन्द्र, राज्य तथा समुदाय/ग्राम पंचायत के बीच 60:30:10 के अनुपात में सामुदायिक स्वच्छता परिसर (सीएससी) के निर्माण हेतु 2 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता का प्रावधान है। कार्यक्रम के अंतर्गत, सभी घटकों के लिए समेकित रीति से निधियां जारी की जाती हैं। कार्यक्रम के तहत वर्ष 2018-19 तक छत्तीसगढ़ को 1883.63 करोड़ रुपए की राशि की कुल केन्द्र अंशदान की निधियां सीएससी के निर्माण सहित विभिन्न घटकों के लिए जारी की गई हैं।

******